परयटन नगरी खजुराहो में जल प्रदाय का प्रायोगकि परीक्षण प्रारंभ

चर्चा में क्यों?

29 मई, 2023 को मध्य प्रदेश जनसंपरक वभिाग द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश की परयटन नगरी खजुराहो और राजनगर में जल प्रदाय व्यवस्था का प्रायोगकि परीक्षण प्रारंभ हो गया है।

प्रमुख बदिु

- दोनों नगरों में स्वच्छ जल पहुँचाने के लयि कुटनी डैम पर 10 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र स्थापति कयि गया है। दोनों नकियों में जल प्रदाय परयिोजना की 10 वर्षों के संचालन और संधारण के साथ संयुक्त रूप से लागत लगभग 69 करोड़ रुपए है।
- खजुराहो और राजनगर में 7 ओव्हर हेड टैंक नरि्मति कयि गए हैं, हर घर नल से शुद्ध जल पहुँचाने के लयि दोनों नगरों में लगभग 150 कलिोमीटर वतिरण लाइन बछिाई गई है। खजुराहो में 3500 घर और राजनगर में 2000 घर में नल कनेक्शन दयि गए हैं।
- उल्लेखनीय है कि इस योजना में मीटरयुक्त नल कनेक्शन दयि जा रहे हैं। इसका लाभ यह होगा कि भवषि्य में रहवासयिों को पानी की उपयोगति के अनुसार ही भुगतान करना होगा जो कि काफी कफियती रहेगा।
- नगरीय वकिास एवं आवास वभिाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी द्वारा एशयिन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से इन नगरों में जल प्रदाय परयिोजना पर कार्य कयि गया है।
- इससे अब यहाँ के नवासयिों के घरों में शुद्ध जल पहुँच रहा है। पानी के लयि अब लाइन में लगने की आवश्यकता नहीं है। इससे पानी भरने में व्यर्थ जाने वाले समय का सदुपयोग हो रहा है। पानी का दबाव भी पर्याप्त है, जसिसे मोटर लगाने की जरूरत नहीं रहती।

//

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/experimental-test-of-water-supply-started-in-tourist-city-khajuraho